>

Title: * Need to restore rail services on Mailani-Dudhwa-Gonda Railway Section in Uttar Pradesh .

***श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मैलानी-दुधवा-गोंडा रेल खंड की ओर दिलाना चाहता हूं।

इस खंड पर मैलानी से आगे पैसेंजर यातायात रोक दिया गया है। इस क्षेत्र में लगभग 10 लाख आदिवासी रहते हैं। इस रेल खंड पर लगभग 18 ट्रेनें चलती थीं, उन्हें बंद कर दिया गया है जिससे इस क्षेत्र की जनता में भारी रोÂ ा है।

सवारी गाड़ी न होने के कारण बस वाले मनमाना किराया वसूल कर रहे हैं। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मैलानी-दुधवा-गोंडा खंड पर पैसेंजर यातायात दोबारा शुरू कराया जाए, ताकि गरीब जनता को सुविधा मिल सके।